जैविक खेती | 3 एकड़ की जैविक खेती से सपना काछी को 6 महीनों में एक लाख रुपये से अधिक का शुद्ध मुनाफा

# किसानी में बदलाव की नई कहानी लिख रहा 'जैविक हाट बाजार'

**नवभारत, जबलपुर।** जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा शुरू किया गया 'जैविक हाट बाजार' अब किसानों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव की नई कहानी लिख रहा है। शहरवासियों को जहां शुद्ध और रसायन मुक्त सब्जियां मिल रही हैं, वहीं किसान मित्रों की आय में भी लगातार वृद्धि हो रही है।

इसी पहल से जुड़ी एक प्रेरणादायक कहानी सामने आई है महिला किसान सपना काछी की, जिन्होंने केवल 3 एकड़ भूमि में जैविक खेती कर 6 माह में 1 लाख रुपये से अधिक का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया है।



### संघर्ष से सफलता तक का सफर

जबलपुर निवासी सपना काछी लंबे समय से अपने खेत में जैविक खेती कर रही थीं। खेत में मेहनत तो भरपूर होती थी, लेकिन उपज का सही मूल्य नहीं मिलने से आय सीमित रह जाती थी। कई बार बिचौलियों के कारण मेहनत का पूरा लाभ नहीं मिल पाता था।

लेकिन जिला प्रशासन और कृषि विभाग की पहल पर शुरू हुए 'जैविक हाट' से जुड़ने के बाद सपना काछी की जिंदगी ने नई दिशा पकड़ ली। अब वे हर सप्ताह सीधे ग्राहकों तक अपने खेत की ताजी, शुद्ध और रसायन मुक्त सब्जियां पहुंचा रही हैं। सपना काछी बताती हैं कि अब उन्हें किसी बिचौलिए की जरूरत नहीं पड़ती और उनकी उपज का उचित मूल्य सीधे उन्हें मिल रहा है।

### हर सप्ताह बढ़ रहा मुनाफा

जैविक उत्पादों की गुणवत्ता और शुद्धता के कारण ग्राहकों का भरोसा लगातार बढ़ा है। वर्तमान में सपना काछी को हर सप्ताह लगभग 4 हजार रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हो रहा है। पिछले 6 माह में वे 'जैविक हाट' के माध्यम से 1 लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित कर चुकी हैं। इस अतिरिक्त आय से न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि जैविक खेती के प्रति उनका आत्मविश्वास और उत्साह भी कई गुना बढ़ गया है।

### आम नागरिकों को भी मिल रहा लाभ

उपभोक्ताओं के लिए भी बना भरोसे का बाजार 'जैविक हाट' किसानों के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए भी लाभकारी साबित हो रहा है। यहां लोगों को बिना रसायन और मिलावट वाली ताजी सब्जियां एवं अन्य जैविक उत्पाद उचित मूल्य पर आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं।

# महर्षि महेश योगी संस्थान से धोखाधड़ी के आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत, जबलपुर। प्रवर्तन निर्देशालय (ईडी) ने महर्षि महेश योगी संस्थान के जबलपुर मानेगांव, बिलासपुर, रायपुर, नोएडा की जमीनों को फर्जीवाड़ा कर बेचने वाले मास्टर माइंड जी. रामचन्द्र मोहन, आकाश मालवीय को गिरफ्तार किया है।**



दोनों आरोपितों को नई दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष अदालत ने ईडी की कस्टडी में भेज दिया है। इस संबंध में जबलपुर में महर्षि संस्थान के संस्थापक जादूगर एसके निगम का बताया कि महर्षि संस्थान द्वारा सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर न्याय की गुहार की गई थी।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी व न्यायमूर्ति अतुल चन्दोरकर की बेंच ने उप्र के मुख्य सचिव की निगरानी में एसआइटी गठित की थी। जांच में पाया गया कि भू-माफियाओं ने फर्जीवाड़े से जमीन बेच कर करोड़ों रुपये की हेराफेरी की है। सुप्रीम कोर्ट ने रजिस्ट्रार आफ सोसाइटी की मदद से बिना अनुमति बेची गई संपत्तियों की जांच करने के निर्देश भी दिए हैं।

### विशेष अदालत ने ईडी की हिरासत में भेजा

ईडी ने उक्त गिरफ्तारी 14-15 मई, 2026 को की गई बड़ी तलाशी की कार्रवाई के बाद की। ईडी ने धोखाधड़ी में कथित मिलीभगत के लिए मेसर्स सिंहवाहिनी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके डायरेक्टर्स के बैंक अकाउंट्स और चल संपत्तियों के खिलाफ फ्रीजिंग आर्डर भी जारी किया है। इस मामले में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कई एफआइआर दर्ज थीं। इन एफआइआर में धोखाधड़ी, जालसाजी, नकल और आपराधिक विश्वासघात से जुड़ी लगातार आपराधिक साजिश का आरोप है। जांच में पता चला कि आरोपियों ने सैकड़ों करोड़ रुपये की प्राइम ट्रस्ट प्रापर्टी को गैर-कानूनी तरीके से बेचने के लिए जाली पावर आफ अटार्नी, फर्जी बोर्ड प्रस्ताव और नकली आथराइजेशन लेटर का इस्तेमाल किया। अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि, मप्र, उप्र, छग में मुकदमे लंबित होने के बावजूद जमीनों की अवैध बिक्री गंभीर चिंता का विषय है।

# जिले में आज से चलेगा कृषि रथ

**किसानों को मिलेगी योजनाओं, प्राकृतिक खेती और कृषि तकनीकों की जानकारी**

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी निर्देश पर वर्ष 2026 को 'कृषि वर्ष' के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष्य में जिले में कृषि रथ का संचालन किया जाएगा। कृषि एवं संबद्ध विषयों जैसे कृषि अभियांत्रिकी, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन आदि क्षेत्रों में किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य संपर्क स्थापित कर नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी कृषकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जायद, खरीफ एवं रबी फसलों की बुवाई के एक माह पूर्व प्रत्येक विकासखंड में कृषि रथ संचालित किया जाएगा।

कृषि कल्याण तथा कृषि विकास के कृषि उप संचालक से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि रथ प्रत्येक दिवस संबंधित विकासखंड की तीन से चार ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगा तथा 10 दिन तक विकासखंडों में संचालित रहेगा। जिले के समस्त विकासखंडों में सोमवार 18 मई से जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कृषि रथ संचालन का शुभारंभ किया जाएगा। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को कृषि एवं संबद्ध विभागों में संचालित योजनाओं, नरवाई प्रबंधन, ई-विकास प्रणाली से उर्वरक वितरण, प्राकृतिक खेती, हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर से सीधे बुवाई की तकनीक तथा उसके लाभों की जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य संवाद स्थापित कर आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराया जाएगा।

जिले में एग्री स्टेक पोर्टल पर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री एवं बकेट क्लेमिंग का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु कृषि रथ के साथ ग्राम पंचायतों में शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में पटवारियों द्वारा किसानों की फार्मर आईडी बनाना, समस्त खसरों को फार्मर आईडी से लिंक करना तथा छूटे हुए खसरों को जोड़ने की कार्यवाही की जाएगी।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व दूरसंचार दिवस की दीं शुभकामनाएं

**नवभारत, जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व दूरसंचार दिवस की शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि संचार क्रांति ने विभिन्न माध्यमों से दूरियां समेटकर विश्व को परिवार जैसा बना दिया है, जिससे जीवन सहज हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर संचार माध्यमों के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले वैज्ञानिकों को नमन कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया।

# नाक पर कपड़ा रख गुजरने को मजबूर यात्री



**प्लेटफार्म क्रमांक एक के बाहर लगा कचरे का ढेर**

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्र एक के बाहर इन दिनों कूड़े कचरे और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जीआरपी थाने के सामने बना पुराना मार्ग स्वच्छता की कमी से जूझ रहा है। जिसके चलते पैदल स्टेशन पहुंचने वाले यात्री अपने नाक पर कपड़ा रख कर गुजरने को मजबूर हो चुके है। वही स्थानीय लोगों ने रेलवे और नगर निगम से सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग की है। बता दे कि स्टेशन से निकलने वाला कचरा यहां लाकर इकट्ठा किया जाता है। जिसके चलते आसपास के पूरे क्षेत्र में बदबू और गंदगी बढ़ चुकीं है। लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो सका है।

### यात्रियों का खड़े होना मुश्किल

प्लेटफार्म एक की जीआरपी एग्जिट से बाहर निकलते ही कचड़े के ढेर और बदबू से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई है स्टेशन परिसर से निकलने वाले मार्ग पर फैली गंदगी के कारण न केवल यात्रियों को दिक्कत हो रही है बल्कि शहर की छवि भी प्रभावित हो रही है। ट्रेनों के इंतजार के समय यात्रियों का यहां रुकना मुश्किल हो रहा है। लोगों का कहना है कि नगर निगम और रेलवे प्रशासन की लचर सफाई व्यवस्था के चलते यह समस्या बनी हुई है कचरे का सही ढंग से निस्तारण न होने से यात्रियों को गंदगी और दुर्गंध का सामना करना पड़ता है यात्री हिमांशु ने नवभारत से बातचीत में कहा, स्टेशन के पास इस तरह की गंदगी रहने से आने-जाने वाले यात्रियों को परेशानी होती है और यही कचरा आगे चलकर बीमारियों का कारण बनता है।

### एक नजर में



### भारत विकास परिषद की प्रांतीय कार्यशाला का समापन

**नवभारत, जबलपुर।** भारत विकास परिषद महाकौशल प्रांत की प्रांतीय कार्यशाला 'लक्ष्य सिद्धि' का आयोजन होटल समदड़िया इन, जबलपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का आयोजन भारत विकास परिषद जबलपुर मुख्य शाखा द्वारा किया गया, जिसमें महाकौशल प्रांत की विभिन्न शाखाओं से लगभग 50 सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने अपने उद्बोधन में परिषद द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने राजनीति में आने से पूर्व स्वयं के भारत विकास परिषद के सक्रिय सदस्य एवं जबलपुर शाखा के अध्यक्ष रहने के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में रीजनल संगठन मंत्री विक्रांत खंडेलवाल, रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी एवं महाकौशल प्रांत अध्यक्ष इंजी. रामकृष्ण चौकसे की विशेष उपस्थिति रही। मंच पर जबलपुर शाखा अध्यक्ष डॉ. रिशा पांडे, शाखा सचिव मौली जैन, उपाध्यक्ष रुचि पालीवाल तथा महिला सहभागिता मार्गदर्शन हेतु सरोज चौकसे उपस्थित रहीं। कार्यशाला का संचालन डॉ नीलेश पांडे द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। इस दौरान परिषद की पंच सूत्रीय कार्यपद्धति संस्कार, सेवा, संपर्क, सहयोग एवं समर्पण को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया।

**आगामी सेवा योजनाओं पर विषयवार मंथन**-कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में राष्ट्रीय स्तर, रीजनल स्तर एवं प्रांत स्तर के पदाधिकारियों के दायित्वों, शाखाओं की कार्यपद्धति, स्थायी प्रकल्पों, सदस्यता विस्तार, महिला सहभागिता, युवा सहभागिता तथा आगामी सेवा योजनाओं पर विषयवार गंभीर चर्चा हुई। प्रांत के प्रकल्प प्रमुखों एवं पदाधिकारियों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे तथा शाखाओं द्वारा किए जा रहे नवाचारों एवं सेवा गतिविधियों की जानकारी साझा की। कार्यशाला में जबलपुर मुख्य शाखा, अहिल्याबाई महिला प्रधान शाखा जबलपुर, दादा तंतन पाल शाखा बेरला, विवेकानंद शाखा नरसिंहपुर, मुख्य शाखा नरसिंहपुर, तेंदूखेड़ा शाखा, रानी दमयंतीबाई शाखा दमोह एवं सागर शाखा की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

### बसपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** बहुजन समाज पार्टी पूर्व विधानसभा क्षेत्र का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया। यह भव्य आयोजन नगर निगम जोन क्रमांक 8 के अंतर्गत आने वाले संत रविदास भवन, भानतलैया में संपन्न हुआ। इस विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान आगामी संगठन की गतिविधियों को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इसके तहत आगामी 28 मई को बसपा के प्रदेश प्रभारी एड. दिलीप बौद्ध और पी.सी. मंडलिया सहित अन्य प्रदेश प्रभारियों के जबलपुर आगमन पर एक वृहद जबलपुर लोकसभा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है। सम्मेलन में पूर्व विधानसभा क्षेत्र के सभी 22 वार्डों के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय स्टेट कोआर्डिनेटर बालकिशन चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष एड. लखन अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष सुरेश वंशकार, नगर महासचिव मुन्ना सतनामी, वरिष्ठ बसपा नेता रत्नेश सिंह और सिकंदर अली, नगर कोषाध्यक्ष रामसेवक बिरहा, राजेंद्र कोरी, विधानसभा प्रभारी लक्ष्मण चौधरी और कार्यालय सचिव लक्ष्मण समुन्द्रे सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष पूर्व क्षेत्र एड. सुरजीत मयंक चौधरी द्वारा की गई।

# जबलपुर के साथ इंदौर, भोपाल, ग्वालियर में एक साथ आज होगा प्रचार प्रसार अभियान का शुभारंभ

**भोपाल में ऊर्जा विकास निगम के व्हाट्सऐप चैटबॉट का शुभारंभ**

**नवभारत, जबलपुर।** इंदौर, उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में 18 मई को एक साथ प्रचार प्रसार अभियान का शुभारंभ होने जा रहा है। अब पीएम सूर्य घर योजना का डिजिटली प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यह अभियान उपभोक्ताओं के बीच विश्वास निर्माण, व्यवहारगत परिवर्तन को प्रोत्साहित करने एवं योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ऊर्जा विकास निगम के व्हाट्सऐप चैटबॉट एवं प्रचार वीडियो का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का डिजिटली प्रचार-प्रसार करने के लिये एमपीयूवीएनएल एवं काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवॉयरनमेंट एंड वॉटर के सहयोग से 18 मई सोमवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में सुबह 10 बजे व्हाट्सऐप चैटबॉट एवं प्रचार वीडियो लॉन्च किया जाएगा। व्हाट्सऐप चैटबॉट और प्रचार वीडियो से नागरिकों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी सरल एवं डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इससे योजना के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ेगी और नागरिकों को आवेदन एवं सोलर संयंत्र लगाने की प्रक्रिया को समझने में मदद मिलेगी।

### आमजन के बीच लोकप्रिय हो रही है योजना

प्रदेश में योजना को लेकर लगातार सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। अब तक मध्यप्रदेश में 1 लाख 96 हजार 791 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से 1 लाख 24 हजार 663 सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इन संयंत्रों की कुल क्षमता 467.06 मेगावाट है। भारत सरकार द्वारा अब तक 879.69 करोड़ रुपये का अनुदान भी प्रदान किया जा चुका है। चैटबॉट और आईईसी शुभारंभ कार्यक्रम में भारत सरकार के अधिकारी, जिला कलेक्टर, बैंक प्रतिनिधि, विद्युत वितरण कंपनियों एवं नगर निगम के अधिकारी तथा योजना से जुड़े पंजीकृत वेंडर भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### 'रफी-किशोर नाईट' के आयोजन में श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**नवभारत, जबलपुर।** रिदम म्यूज़िकल ग्रुप द्वारा शनिवार 16 मई को कला वीथिका रानी दुर्गावती संग्रहालय में 'रफी-किशोर नाईट' का भव्य आयोजन किया गया। इस संगीत संध्या में बॉलीवुड सिनेमा के सुप्रसिद्ध पार्श्वगायक मोहम्मद रफी एवं किशोर कुमार द्वारा गाए गए शानदार एवं सुपरहिट गीतों की प्रस्तुतियाँ गायक कलाकारों द्वारा दी गईं, जिससे पूरा कार्यक्रम शानदार एवं सफल रहा। इस सफल आयोजन में शहर के प्रसिद्ध गायक कलाकारों ने अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरा। गायक कलाकारों में प्रभुदास घरडे, धरमपाल विश्वकर्मा, जगमोहन झारिया, रमन कर्ण, तृप्ति निगम और माया घरडे शामिल रहीं, जिन्होंने मंच से एक से बढ़कर एक गीतों की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने बॉलीवुड के कई सदाबहार गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनमें पग घुँघरू, एक लड़की भीगी भागी सी, दोनों ने किया था प्यार मगर, ग़म उठाने के लिए, तेरी मेरी प्रेम कहानी, एक हंसी शाम को, हुए हैं तुमपे आशिक हम, दिल क्या करें जब किसी से, जाने वालों जरा, शीशे की उम्र प्याले की और ओ मेरी जान बोल मेरी जान जैसे सुपरहिट गीत शामिल रहे।



# पत्थरों में बदल चुके पेड़ सुनाते हैं धरती के प्राचीन इतिहास की कहानी

**करोड़ों साल पुराने इतिहास को संजोए है घुघवा फॉसिल्स पार्क**

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश के डिंडोरी जिले के शहपुरा ब्लॉक में स्थित घुघवा फॉसिल्स पार्क प्रकृति और इतिहास का अद्भुत संगम है। यह ऐसा अनोखा स्थान है, जहाँ करोड़ों वर्ष पुराने पेड़ आज भी पत्थरों के रूप में सुरक्षित हैं और धरती के प्राचीन इतिहास की गवाही देते दिखाई देते हैं। घुघवा फॉसिल्स पार्क में मौजूद जीवाश्म अपने भीतर लगभग 6.5 करोड़ वर्षों का इतिहास समेटे हुए हैं। इन जीवाश्मों की खोज वर्ष 1970 के आसपास हुई, जब स्थानीय ग्रामीणों ने खेतों और जंगलों में कुछ विचित्र पत्थर देखे। इन पत्थरों की बनावट साधारण नहीं थी। इनमें पेड़ों की छाल, तने और वलय स्पष्ट रूप से दिखाई देते थे। बाद में वैज्ञानिकों द्वारा किए गए अध्ययन में यह सामने आया कि ये वास्तव में प्राचीन पेड़ों के जीवाश्म हैं, जो उस काल के हैं जब पृथ्वी पर डायनासोरों का अस्तित्व समाप्ति की ओर था।

### ये है विशेषताएं

इन जीवाश्मों को देखकर अनुमान लगाया जाता है कि यह क्षेत्र कभी घने और हरे-भरे जंगलों से आच्छादित रहा होगा। यहाँ ताड़, सागौन और अनेक प्राचीन वनस्पतियों की भरमार थी। उस समय की प्राकृतिक परिस्थितियों और जीवाश्मों के महत्व को देखते हुए 5 मई 1983 को लगभग 23 एकड़ क्षेत्र में फॉसिल्स पार्क की स्थापना की गई। विशेषज्ञों के अनुसार किसी प्राकृतिक आपदा, संभवतः ज्वालामुखीय गतिविधि अथवा भीषण बाढ़ के कारण ये विशाल वृक्ष अचानक मिट्टी में दब गए। समय के साथ लाखों वर्षों में इन पेड़ों के जैविक तत्व खनिजों में परिवर्तित हो गए और वे धीरे-धीरे पत्थर बन गए, लेकिन उनकी मूल संरचना आज भी सुरक्षित बनी हुई है। यह पार्क केवल पर्यटन स्थल ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के लिए एक जीवंत प्रयोगशाला भी है। यहाँ पाए जाने वाले जीवाश्म उस समय की जलवायु, भूगोल और वनस्पति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं। पार्क में आज भी बीज, पत्तियाँ, शंख, वृक्षों के तने, नारियल, बीज वाला केला, ताड़ के बीज, बादाम, खजूर और जामुन जैसे अनेक जीवाश्म संरक्षित रूप में देखे जा सकते हैं।

अव्यवस्था | कटंगा फ्लाईओवर के नीचे लगाई जा रहीं गाड़ियां

# फ्लाईओवर के नीचे व्यापारियों की कारें जमीं, राहगीर परेशान

**जबलपुर, नवभारत।** शहर में अवैध पार्किंग की जड़ें सड़को और चौराहों से बढ़कर अब फ्लाईओवर के नीचे तक पहुंच चुकी है। ताज़ा वाक्या कटंगा स्थित फ्लाईओवर के नीचे देखने को मिला जहां बड़े व्यापारियों की महंगी महंगी करें बीच रोड पर फ्लाईओवर की छाएं के नीचे दिनभर जमी रहती हैं। यहां खड़ी कारो के कारण सदर से गोरखपुर जाने वाले लोगों को अतिरिक्त चक्कर लगा कर जाना पड़ रहा है। बता दे कि अतिक्रमणकारियों ने फुटपाथ और सड़कें ही नहीं बल्कि फ्लाईओवर तक हर जगह पर कब्जा जमा रखा है। फ्लाईओवर के नीचे हालत ऐसी कि आधी सर्विस रोड भी अतिक्रमण की भेंट चढ़ जाती है। इस अतिक्रमण की वजह से अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है लेकिन इन्हें हटाया नहीं जाता है। ज्ञात हो कि पूर्व में नगर निगम द्वारा अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया गया था, लेकिन उन जगहों पर भी दोबारा कब्जा हो चुका है। वही जिम्मेदारों का कहना है कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।



### सौगात बनी सुविधा

शहर में मदन महल, रानीताल कटंगा और गोरखपुर जैसे अन्य इलाकों में अतिक्रमण की भरमार है। नगर निगम ने कई बार अभियान चलाकर अतिक्रमणकारियों को खदेड़ता है लेकिन बड़े नेताओं का संरक्षण मिलने की वजह से वापिस कब्जा जमा लेते हैं। इससे आवागमन बाधित होने से जाम की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। वही कुछ फ्लाईओवर के नीचे अनाधिकृत रूप से चाय समोसे की दुकानें चला रहे है। शहर के फुटपाथों पर ठेला-खोमचा वालों ने भी स्थायी और अस्थायी तौर पर कब्जा कर लिया है। कई बार जाम के चलते इन जगहों पर दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, बावजूद इसके अतिक्रमण के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

### होटल में बदबूदार खाने की शिकायत

**जबलपुर, नवभारत।** सिविक सेंटर स्थित प्रसिद्ध होटल पंचवटी गौरव में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब वहां भोजन करने पहुंचे एक परिवार को दूषित और बदबूदार खाना परोस दिया गया। खाने से आ रही तेज दुर्गंध के बाद परिवारजनो ने सजगता दिखाते हुए तुरंत इसकी शिकायत खाद्य सुरक्षा प्रशासन से की। शिकायत मिलते ही विभाग की टीम ने तत्काल एक्शन लिया और होटल में दबिश देकर खाद्य पदार्थों के सैंपल सील किए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे को दोपहर 4.30 बजे परिवार द्वारा दूषित भोजन परोसे जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारी अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे।